कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर,जिला–सूरजपुर (छ.ग.)
Email-gdcpremnagar@gmail.com , College Code-3508

प्र.क्र 136 / स्था. / 2026 प्रेमनगर, दिनाँक– 27 / 01 / 2026

**अतिथि व्याख्याता / शिक्षण सहायक / द्वारा अध्यापन व्यवस्था हेतु विज्ञापन**

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्रमांक 289 / 01 / आउशि / राज.स्था. / 2026 नवा रायपुर अटल नगर, दिनाँक 23 / 07 / 2025 के आदेशानुसार अतिथि व्याख्याता नीति – 2024 के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर, जिला –सूरजपुर (छ.ग.) में शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु रिक्त सहायक प्राध्यापक पदों के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन 07 / 02 / 2026 तक आंमत्रित किया जाता है। चयन प्रकिया अतिथि व्याख्याता नीति – 2024 के परिपालन में की जायेगी। रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. | विषय | पद |
|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | 01 |

**शर्ते :–**

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली व उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा निर्धारित योग्यताएँ मान्य होगी एवं उच्च शिक्षा द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. चयनित उम्मीदवार के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबन न हो तथा वह किसी अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय सेवा में न हो इस बावत् शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।
3. नियमित नियुक्ति / प्रतिनियुक्ति / स्थानांतरण तथा शासन की अन्य व्यवस्था के तहत अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक की पदस्थापना होने पर अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक की नियुक्ति स्वयमेव निरस्त मानी जायेगी।
4. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, जाति / निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वसत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. चयनित उम्मीदवार को प्राचार्य के आदेश एवं निर्देशों का पालन करना होगा। कार्य संतोषजनक नही पाये जाने पर सेवाएँ तत्काल प्रभाव से समाप्त हो जायेगा।
6. चयनित उम्मीदवार को महाविद्यालय में अध्यापन कार्य के अतिरिक्त समय महाविद्यालय के गुणवत्ता एवं छात्र / छात्राओं के कैरियर निर्माण के लिए देना होगा।
7. यह सेवा नियमितीकरण का आधार नही होगा।
8. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार दिनाँक 07 / 02 / 2026 सायं 05 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं महाविद्यालय में कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज (स्वसत्यापित) के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। लिफाफे के ऊपर **"अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक विषय............ हेतु आवेदन पत्र"** अनिवार्य रूप से लिखा जावें। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

27/01/26
प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर,
जिला – सूरजपुर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Naveen College Premnagar
Distt.- Surajpur (C.G.)